# प्रशासकीय परिषद्

## तेरहवीं बैठक दिनांक 27–12–2018

## कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 27–12–2018 को प्रातः 11:30 बजे सचिव भवन, सचिव कक्ष सं0–19, सचिवालय, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ में सम्पन्न बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता,<br>माधुर्य–626 बी0, गांधी नगर,<br>सीविल लाइन्स, रायबरेली,<br>उत्तर प्रदेश। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री श्री भुवनेश कुमार,<br>सचिव, उ0प्र0 शासन,<br>प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 विनय कुमार पाठक,<br>कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रतिनिधि,<br>वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | श्री आर0सी0 राजपूत,<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 जे0पी0 सैनी,<br>कुलपति, एन0एस0टी0यू0,<br>दिल्ली। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रघुराज सिंह,<br>कम्प्यूटर साइंस विभाग,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 टी0सी0 शमी,<br>सेवानिवृत्त वैज्ञानिक "जी",<br>डी0एम0एस0आर0डी0ई0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | डा0 के0के0 गोस्वामी,<br>पूर्व निदेशक, आई0आई0सी0टी0,<br>भदोही। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 मुकेश कुमार सिंह, निदेशक<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

परिषद् की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित न हो सके।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मंगला जोशी,<br>प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य |
| 2. | निदेशक,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अश्विनी कुमार अग्रवाल,<br>विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी,<br>आई0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य |
| 4. | डा0 आर0आर0 मलिक,<br>डायरेक्टर, एकेडमिक जे0सी0डी0 विद्यापीठ,<br>सिरसा,<br>हरियाणा। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 के0एल0 महावर,<br>बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | सदस्य |

13.01 सर्वप्रथम प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव प्रो0 मुकेश कुमार सिंह द्वारा प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष पद पर इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता द्वारा पदभार ग्रहण करने के सम्बन्ध में परिषद को अवगत कराते हुये बताया कि इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के अभियांत्रिकी में स्नातक हैं और वर्तमान में मे0 फास्टनर्स इंडिया, रायबरेली के प्रबन्ध निदेशक हैं। आप भारत सरकार, उ0प्र0 सरकार एवं समाजिक संस्थाओं की विभिन्न समितियों में सदस्य, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान प्रदान करते रहे हैं। प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष की अनुमति से परिषद के सदस्य सचिव द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

प्रशासकीय परिषद् द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष प्रो0 अजीत कुमार चतुर्वेदी द्वारा उनके कार्यकाल में किये गये कार्यो की सराहना की तथा आशा व्यक्त की कि संस्थान को भविष्य में भी उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। प्रशासकीय परिषद् द्वारा प्रस्ताव पारित किया कि प्रो0 चतुर्वेदी को पत्र लिखकर उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु उनका आभार व्यक्त किया जाय।

13.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 24 सितम्बर, 2018 को सम्पन्न बारहवीं बैठक के कार्यवृत्त के सम्पुष्टिकरण किये जाने का प्रस्ताव।

उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक 24 सितम्बर, 2018 को डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में सम्पन्न हुई। प्रशासकीय परिषद ने समग्र विचारोंपरान्त सर्वसम्मति से बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों का सम्पुष्टिकरण किया।

13.03 उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद की 24 सितम्बर, 2018 को सम्पन्न हुई बारहवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया एवं कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

13.04 माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद् को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

माननीय न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया। परिषद ने निर्देश दिया कि जिन

दिन के अन्दर दाखिल कर दिये जायें।

13.05 संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं सेवायोजन की स्थिति से परिषद् को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।

संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एवं सेवायोजन की स्थिति का परिषद ने अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया।

13.06 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अध्यतन स्थिति से परिषद् को अवगत कराने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने संस्थान में चल रहे निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया।

13.07 टेकिप–।।। के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2018 के पश्चात् सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद् को अवगत कराना।

टेकिप–।।। के अन्तर्गत अप्रैल, 2018 के पश्चात् सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का प्रशासकीय परिषद ने अवलोकन किया एवं संतोष व्यक्त किया।

13.08 टेकिप–।।। के अन्तर्गत पूर्व में कय हेतु स्वीकृत सामग्री सेवायें/ /एक्टीविटी की सूची में वर्तमान आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सामग्री जोड़ने हेतु परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने टेकिप–।।। के अन्तर्गत पूर्व में कय हेतु स्वीकृत सामग्री/सेवायें/एक्टीविटी की सूची में वर्तमान आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सामग्री जोड़ने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

13.09 टेकिप–।।। परियोजना के अंतर्गत होने वाले ऑडिट रिव्यू रिपोंट में प्राप्त ऑब्जरवेशन एवं निराकरण सम्बन्धी रिपोंट से माननीय परिषद को अवगत कराने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने टेकिप–।।। परियोजना के अंतर्गत होने वाले ऑडिट रिव्यू रिपोंट में प्राप्त ऑब्जरवेशन एवं निराकरण सम्बन्धी रिपोंट पर निर्देश दिया कि संस्थान को आउट सोर्सिंग पर एक सक्षम चार्टेड एकाउटेन्ट की सेवायें लेनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस प्रकार के ऑडिट आब्जरवेशन न बने।

नीलामी की कार्यवाही से माननीय परिषद को अवगत कराने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा रू0 297205.00 के बेस मूल्य (बट्टा खाता मूल्य) के सापेक्ष रू0 1696839.00 में निष्प्रयोज्य सामग्री को खुली नीलामी से बेचे जाने पर सराहना की।

13.11 डा0 अरूण कुमार पात्रा को प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री के पद पर स्थायीकरण करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा डा0 अरूण कुमार पात्रा को प्रोफेसर टेक्सटाइल केमिस्ट्री के पद पर स्थायीकरण करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

13.12 टेकिप–।।। के अन्तर्गत वर्तमान त्रैमास में सामग्री/सेवायें/एक्टीविटी कय करने हेतु परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने टेकिप–।।। के अन्तर्गत वर्तमान त्रैमास में सामग्री/सेवायें/एक्टीविटी कय करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

13.13 संस्थान में चल रही टेकिप–।।। परियोजना के अंतर्गत जनवरी से मार्च, 2019 त्रैमास हेतु तैयार किये गये इक्यूविटी एक्शन प्लान का प्रशासकीय परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान में चल रही टेकिप–।।। परियोजना के अंतर्गत जनवरी से मार्च, 2019 त्रैमास हेतु तैयार किये गये इक्यूविटी एक्शन प्लान को अनुमोदन प्रदान किया।

13.14 संस्थान के श्री शिव गोविन्द प्रसाद, सहायक प्रोफेसर बेसिक साइंस विभाग के कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 7000/–) से सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 8000/–) पर प्रोन्नति प्रदान कराये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर विचार किये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के श्री शिव गोविन्द प्रसाद, सहायक प्रोफेसर बेसिक साइंस विभाग के कैरियर उन्नयन योजना (कैस) के अन्तर्गत सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 7000/–) से सहायक प्रोफेसर (ए0जी0पी0 रू0 8000/–) पर प्रोन्नति प्रदान कराये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर विचार करते हुये निर्णय लिया कि प्रशासकीय परिषद की 12वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–12.11 में लगायी गयी शर्त (श्री शिव गोविन्द प्रसाद जब भी पीएच0डी0 की उपाधि प्राप्त कर लेगें उनको ए0जी0पी0 रू0 8000 प्रदान कर दिया जायेगा) को वापस लिया। श्री शिव गोविन्द प्रसाद संस्थान के राज्य कर्मचारियों की सूची से आच्छादित होते हैं, अतः उनके कैरियर

स्तर से अन्तिम निर्णय लिये जाने की संस्तुति की जाती है।

13.15 संस्थान के प्रो0 प्रमोद कुमार के प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत के विषय में ऑख्या प्रस्तुत करने हेतु गठित समिति के पुनर्गठन का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के प्रो0 प्रमोद कुमार के प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत के विषय में ऑख्या प्रस्तुत करने हेतु निम्न समिति गठित की।

1– प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, एकेटीयू, लखनऊ – अध्यक्ष
2– प्रो0 जे0पी0 सैनी, कुलपति, एनएसटीयू, दिल्ली – सदस्य
3– प्रो0 रघुराज सिंह, एचबीटीयू, कानपुर – सदस्य

13.16 संस्थान के डा0 आलोक कुमार, प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलोजी के भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान, भदोही के निदेशक के सावधिक पद पर चयनोंपरान्त उनके द्वारा 03 वर्ष के अवैतनिक असाधारण अवकाश स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद को डा0 आलोक कुमार, प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलोजी के भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान, भदोही के निदेशक के पद पर असाधारण अवकाश पर भेजे जाने हेतु आपत्ति नहीं है। चूँकि डा0 आलोक कुमार संस्थान में 1999 से कार्यरत राजकीय अधिकारी/कर्मचारी हैं। अतः उनके प्रकरण को निदेशक की अनुशंसा के आधार पर प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संदर्भित किया जाना उचित होगा।

13.17 संस्थान के डा0 प्रमोद कुमार, प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलोजी द्वारा संस्थान में संलयन का विकल्प प्रस्तुत करते हुये अधिवर्षता आयु 60 वर्ष से 62 वर्ष करने के अनुरोध पर विचार का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद ने डा0 प्रमोद कुमार, प्रोफेसर टेक्सटाइल टेक्नोलोजी के प्रकरण पर विचारोंपरान्त संस्तुति की कि चूँकि डा0 प्रमोद कुमार, संस्थान में 1996 से कार्यरत राज्य कर्मचारी हैं। अतः उनके विषय में अन्तिम निर्णय शासन स्तर से ही लिया जाये।

13.18 संस्थान के डा0 प्रशान्त, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल इंजीनियरिंग विभाग को प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में नामित करने का प्रस्ताव।

प्रशासकीय परिषद द्वारा संस्थान के डा0 प्रशान्त, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल इंजीनियरिंग विभाग को प्रशासकीय परिषद के सदस्य के रूप में नामित करने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया ।

13.19 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।

प्रशासकीय परिषद के सदस्य सचिव द्वारा परिषद को अवगत कराया गया कि संस्थान में छात्रों की प्रवेश संख्या के दृष्टिकोण से एआईसीटीई के मानक के अनुसार 46 संकाय सदस्यों की आवश्यकता है। वर्तमान में संस्थान में 46 के सापेक्ष 27 पद स्वीकृत हैं। ऐसी स्थिति में अतिथि व्याख्याताओं को जोड़कर भी संख्या 30 बनती है। ऐसी स्थिति में एआईसीटीई द्वारा संस्थान की प्रवेश क्षमता में 10 प्रतिशत कटौती करने की बात कही है।

प्रशासकीय परिषद द्वारा निर्णय लिया कि उ0प्र0शासन को प्रशासकीय परिषद की सबल संस्तुति के साथ संस्थान में वर्तमान स्वीकृत 27 पदों के अतिरिक्त 19 पद और स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किया जाये।

प्रशासकीय परिषद की 13वीं बैठक सदस्य सचिव के धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

| | | |
|---|---|---|
| ( डा0 मुकेश कुमार सिंह )<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौ0<br>संस्थान कानपुर।<br>निदेशक<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्था<br>कानपुर | ( श्री भुवनेश कुमार )<br>उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौ0<br>संस्थान कानपुर<br>सचिव, प्राविधिक शिक्षा<br>उ0प्र0शासन, लखनऊ। | ( इंजी0 सुशील कुमार गुप्ता )<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी<br>संस्थान कानपुर।<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान<br>11/208, सूटरगंज, कानपुर |